## खबर संक्षेप

### तीन व्यक्तियों से छीने 13 हजार व लॉकेट

**यमुनानगर।** शहर की शमशानघाट वाली गली में तीन व्यक्तियों ने एक युवक से 13 हजार रुपये तथा सोने व चांदी का लॉकेट छीन लिया। गांव बहराडी निवासी अरूण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वीरवार शाम को वह अपने भाई मनीष व पंकज के साथ शमशानघाट वाली गली में खड़ा था। वहां पर तीन व्यक्ति पहले ही खड़े थे। आरोपियों ने उन्हें पटरी के नीचे कच्ची जगह पर बुलाया। जब वह आरोपियों के पास गया तो उन्होंने उसे पकड़ कर उसके गले के डला हुआ सोने का लॉकेट, बाजू पर बंधा चांदी का लॉकेट तथा 13 हजार रुपये छीन कर भाग गए।

### गोगा माढ़ी पर विशाल भंडारे का आयोजन आज

**रादौर।** रादौर की प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक प्राचीन जाहरवीर गोगा माढ़ी पर शनिवार को दोपहर 12 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हजारों लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे।

गोगा माढ़ी के भगत अनिल कश्यप ने बताया कि भंडारे से पूर्व हवन यज्ञ में आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामना की जाएगी। गोगा माढ़ी को लेकर लोगों में भारी आस्था है। लोग प्रसाद चढ़ाकर मन्नते मांगते हैं। इस अवसर पर बाबू कश्यप, तरुण, गुलशन, तनुष, सोमप्रकाश, विजय, सचिन, सक्षम, सुनील व नितिन आदि मौजूद रहे।

### ऑडिटोरियम एवं ओपन एयर थियेटर का निर्माण शीघ्र

**यमुनानगर।** जगाधरी के सेक्टर-17 में जिले का पहले ऑडिटोरियम एवं ओपन एयर थियेटर का निर्माण जल्द शुरू किया जाएगा। लगभग 52.47 करोड़ की लागत बनने वाले ओपन एयर थियेटर की रेट अप्रुवल के लिए नगर निगम ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग को फाइल भेजी है। अप्रुवल मिलते ही ऑडिटोरियम एवं ओपन एयर थिएटर का निर्माण शुरू कराया जाएगा। नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने उक्त जानकारी दी।

### अमेरिका भेजने के नाम पर हड़पे 10 लाख

यमुनानगर।गांव तेलीपुरा निवासी प्रतीक को अमेरिका भेजने के नाम पर दो व्यक्तियों ने उससे 10 लाख रुपये हड़प लिए। आरोप जिला कुरुक्षेत्र के गांव बकाली निवासी मंगलवीर व विकास नगर लाड़वा निवासी कश्मीरी लाल पर लगा है।

## तीन परिवादों को आगामी बैठक तक लंबित रखने के दिए निर्देश

# अधिकारी अपनी कार्य प्रणाली में करें सुधार: गोयल

■ जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में हरियाणा के परिवहन व महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री असीम गोयल नन्यौला ने निपटाएं 13 परिवाद



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित जिला कष्ठ निवारण समिति की बैठक में परिवादों का निपटारा करते हुए राज्य मंत्री असीम गोयल। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष हरियाणा के परिवहन व महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री असीम गोयल नन्यौला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपनी कार्य प्रणाली में सुधार करे। जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक लोगों की सुविधा के लिए होती है, समस्या पैदा करने के लिए नहीं, ऐसी-ऐसी शिकायते पड़ी है जिनका निराकरण 2-3 साल तक नहीं हो सका। अधिकारी सावधान हो, राज लोकशाही से चलेगा, अफसरशाही से नहीं। उन्होंने शुक्रवार को लघु सचिवालय। में आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए उक्त शब्द कहे। इस दौरान जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में 16 परिवाद रखे गए। जिसमें से 13 परिवादों का निपटान मौके पर किया गया। वही तीन परिवादो को अगली बैठक तक लंबित कर दिया।राज्यमंत्री असीम गोयल ने कहा कि अधिकारी लोगों की समस्याओं को गम्भीरता से लें। बड़े दुख की बात है कि कष्ट निवारण समिति के सदस्यों को भी बैठक में अपनी शिकायत रखने पर मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कष्ट निवारण समिति की बैठक में सीएम विंडो का जक्रि करते हुए कहा कि यह न्याय का बहुत बड़ा माध्यम है। इसके माध्यम से पीड़ित को समयबद्ध तरीके से न्याय मिल रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की यह दूरगामी सोच का परिणाम रहा है। उन्होंने बताया कि करीब 86 प्रतिशत लोगों को सीएम वण्डिो के माध्यम से न्याय मिला है। हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां पर लोगों को न्याय दिलाने के लिए सीएम विंडो की शुरुआत की गई। जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में खुंडे वाला वासी दुष्यंत ने शिकायत की है कि खसरा नम्बर 259,260 व 265 में शरारती तत्वों द्वारा नाजायज कब्जा किया गया है। परंतु नगर निगम अधिकारियों द्वारा यह कब्जा नहीं हटवाया जा रहा है। इस पर संयुक्त आयुक्त नगर निगम ने रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए जानकारी दी कि निगम द्वारा पैमाईश करवाई गई है। खसरा नम्बर 259 में 24 लोग, खसरा नम्बर 260 में 30 लोगों ने अवैध कब्जा किया है तथा कुछ लोगों का गली में कब्जा दिखाया गया है, शीघ्र ही नोटिस देकर आगामी कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए मंत्री ने संयुक्त आयुक्त नगर निगम को निर्दैश दिए कि 31 अगस्त 2024 तक इसका पूरा कार्य निपटा लें और रिपोर्ट प्रस्तुत करें। वहीं, शेर सिंह निवासी इस्माइलपुर ने शिकायत की है कि उनके खेतों में से पानी की निकासी के पाइप डाल दिए है जिससे उन्हें काफी दक्कित हो रही है। मंत्री ने इस कार्य के लिए सिंचाई, पीडब्ल्यूडी, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता व कमेटी के सदस्य जगदीश को इसकी जांच करने व रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए है और मानवता के आधार पर पीड़ित को हर संभव सहयोग देने की बात कही है। इसी तरह बरखा स्याल ने शिकायत की है कि एक फाइनेंस कम्पनी से उनके पति ने लोन लिया था। वह लगातार किश्त भरते रहे हैं। परंतु उनके पति की मृत्यु हो गई है। जब लोन लिया था तब कम्पनी द्वारा मेरे पति का बीमा करवाया था। पति की मृत्यु के बाद कम्पनी बीमे से अपनी अदायगी करती है परंतु कम्पनी ने उन्हें ब्याज सहित सारी राशि भरने के नर्दिश दिए है। पुलिस जांच में डीएसपी ने बताया कि लोन कम्पनी द्वारा बताया गया है कि वह पीड़ित से कोई वसूली नहीं करेंगे बल्कि बीमा कम्पनी से इसकी वसूली करेंगे। इसके लिए मंत्री ने एलडीएम को नर्दिश दिए कि वह इसका निपटान करवाए और इस मामले को पेंडिंग रखा जाएगा। वहीं, तारापुरी कालोनी के रवद्रिं ने शिकायत की है कि वर्कशॉप रोड पर अवैध रूप से शिवम पैलेस चल रहा है जिससे परिवार के लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। जांच रिपोर्ट में एसडीएम जगाधरी सोनू राम ने बताया कि पैलेस नियमानुसार ठीक है। उनके पास लाइसेंस भी है और शिकायतकर्ता द्वारा पैलेस की बेसमेंट से इनके घर में दरारों की बात बिल्कुल गलत है। इस पर मंत्री ने संज्ञान लेते हुए कहा कि सम्बंधित थाने को नर्दिश दिए जाए कि जब भी पैलेस में कोई कार्यक्रम हो तो उसकी सूचना थाने को मिले और 10 बजे के बाद इस पैलेस में डीजे न बजे। बैठक में सरपंच घोड़ो और सरपंच माजरी टापू ने मांग की है कि उन्हें यमुना नदी में पाइप डालने की अनुमति दी जाए ताकि बरसात के मौसम में उन्हें रास्ता मिल जाए और ये दोनों गांव यमुना नदी से उत्तर प्रदेश की ओर है। यदि हिमाचल की ओर से जाना पड़े तो रास्ते की दूरी करीब 180 किलोमीटर पड़ती है जबकि उत्तर प्रदेश की ओर से करीब 7-8 किलोमीटर पड़ती है।

### समाधान के लिए सीएम से की बात

मंत्री व विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने माना कि यह जायज समस्या है और इस समस्या के हल के लिए माननीय मुख्यमंत्री से बात चल रही है, शीघ्र ही इसका हल होगा। गांव खजूरी वासी बरखा राम पुत्र रामनाथ ने शिकायत की है कि उनके साथ कुछ लोगों द्वारा मारपीट की गई व जातिगत शब्द कहें गए। डीएसपी की रिपोर्ट में बताया गया है कि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है फिर भी मंत्री ने डीएसपी को नर्दिश दिए कि व्यक्तिगत रूप से दोनों पक्षों को बिठाकर इनका समझौता करवाया जाए। इसके अतिरिक्त दो शिकायतो का आपसी सहमति से समझौता हो गया। मौके पर यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, विधायक रादौर बीएल सैनी, जिला परिषद के अध्यक्ष रमेश ठसका, भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार, एसपी गंगाराम पुनिया आदि मौजूद रहे।

### अलग-अलग स्थानों पर दो किशोरियों के साथ दुष्कर्म का प्रयास

■ पुलिस ने दो आरोपी युवकों के खिलाफ किया पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज

**यमुनानगर।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर दो किशोरियों के साथ युवकों द्वारा दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रतापनगर थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 जून को रात साढ़े 11 बजे उसकी 12 वर्षीय लड़की घर से अचानक से लापता हो गई। जब वह अपनी लड़की को ढूंढ रहे थे तो उन्होंने देखा कि रविंद्र कुमार ने उसकी लड़की को पकड़ा हुआ है। आरोपी उसके साथ गलत काम करने का प्रयास कर रहा है। उन्हें आता देखकर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ छह पोक्सो एक्ट व 506 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, उत्तर प्रदेश निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी 11 वर्षीय लड़की व परिवार के सदस्यों के साथ बायोटैक पिरओ टैंक में काम करते हैं। वहां पर आरोपी सुमित ने 12 जून की रात को उसकी लड़की के साथ गलत काम करने का प्रयास किया। उसकी लड़की के शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग गया।

## विज्ञान और प्रौद्योगिकी का विकास देश की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण : धर्मवीर

■ ज्ञानदीप स्कूल दामला में आयोजित हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर




**यमुनानगर।** ज्ञान दीप स्कूल में आयोजित कार्यशाला में बच्चों से विचार सांझा करते हुए मुख्यातिथि। *फोटो: हरिभूमि*

ज्ञानदीप स्कूल दामला में सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इन इंडिया व इस्जेक यमुनानगर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को विज्ञान व प्रौद्योगिकी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एसपीएसटीआई के प्रेसिडेंट धर्मवीर ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं एसपीएसटीआई प्रेसिडेंट धर्मवीर ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके ज्ञान को विस्तारित करना है। उन्होंने बच्चों के साथ अपने अनुभव सांझा किए। धर्मवीर ने बच्चों को रोज की दिनचर्या में प्रयोग आने वाली चीजों का उदाहरण देकर व उनको साइंस के साथ जोड़कर विस्तार से समझाया। धर्मवीर ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी का विकास किसी भी देश की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज की युवा पीढ़ी के कंधों पर देश के भविष्य की जिम्मेदारी है।

## नागरिक अस्पताल में मनाया विश्व रक्तदाता दिवस

■ रक्तदान शिविर में सैंकड़ो लोगों ने पहुंचकर किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर




**यमुनानगर।** जिला नागरिक अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्त दान करते हुए रक्तदाता। *फोटो: हरिभूमि*

जिला के मुकंदलाल नागरिक अस्पताल यमुनानगर व रादौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। इस दौरान नागरिक अस्पताल यमुनानगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ो लोगों ने पहुंचकर स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. मनजीत सिंह, भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा व निर्वतमान मेयर मदन चौहान ने किया। सिविल सर्जन डॉ. मनजीत सिंह ने बताया कि विश्व रक्तदाता दिवस पर लोगों ने स्वेच्छा से पहुंचकर अपना रक्तदान किया। क्योंकि रक्तदान महादान है। मरीजों को उपचार के दौरान अथवा गंभीर स्थिति में रक्तदान की आवश्यकता होती है तथा रक्त की आपूर्ति केवल रक्तदान द्वारा की जा सकती है। इसलिए हम सभी को रक्तदान के लिए बढ़ावा देना चाहिए। मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि दुर्घटना में घायल व सर्जरी के लिए उपचाराधिन मरीजों को रक्त की आवश्यकता होती है।

### रादौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया रक्तदाता दिवस

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रादौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरुक किया गया। एसएमओ डॉ. विजय परमार ने बताया कि 14 जून को विश्व के बहुत सारे देशों में लोगों के द्वारा हर वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। इसे हर वर्ष 14 जून को सन 1868 में पैदा हुए कार्ल लैंडस्टेनर के जन्मदिन पर मनाया जाता है। स्वस्थ व्यक्ति के द्वारा स्वेच्छा से और बिना पैसे के सुरक्षित रक्तदाता की जरुरत के बारे में लोगों की जागरुकता बढ़ाने के लक्ष्य से वर्ष 2004 में पहली बार इस कार्यक्रम को मनाने की शुरुआत की गयी थी। रक्तदाता इस दिन एक मुख्य भूमिका में होता है।

## व्यक्ति के खाते से साढे 34 हजार रुपये निकाले

■ पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

एटीएम कार्ड बदलकर गांव मांडखेड़ी निवासी स्वर्ण लाल के अकाउंट से अज्ञात व्यक्ति ने साढ़े 34 हजार रुपये निकाल लिए गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव मांडखेड़ी निवासी स्वर्ण लाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह विकास एजेंसी पर काम करता है। 12 जून को उसे पैसों की जरूरत थी। इसलिए वह शाम साढ़े सात बजे भाटिया नगर स्थित एटीएम बूथ पर पैसे निकलवाने के लिए गया। वहां पर उसके एटीएम कार्ड से पैसे नहीं निकले। इस दौरान वहां पर एक व्यक्ति खड़ा था। आरोपी ने उसे बातों में उलझा कर उसका एटीएम कार्ड बदल लिया। इसके बाद वह दूसरे एटीएम बूथ पर पैसे निकलवाने के लिए गया तो उसके मोबाइल पर उसके अकाउंट से तीन बार में 10-10 हजार रुपये तथा एक बार में साढ़े चार हजार रुपये निकलने के मैसेज आए। जब उसने अपना एटीएम कार्ड चैक किया तो वह बदला हुआ मिला।

## सेवा के भाव से काम कर रही सरकार: कंवरपाल

■ हरियाणा के कृषि मंत्री कंवर पाल ने जगाधरी कार्यालय पर आयोजित खुले दरबार में सुनी जन समस्याएं

■ अधिकांश समस्याओं का मौके पर किया निपटान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जगाधरी स्थित अपने कार्यालय पर आयोजित खुले दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते हुए कृषि मंत्री कंवरपाल। *फोटो: हरिभूमि*

हरियाणा के कृषि मंत्री कंवर पाल ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की सेवा और अंत्योदय के भाव से काम कर रही है। निरंतर जन कल्याण की योजनाएं बनाई जा रही हैं और इससे लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल रहा है। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर निपटान कर दिया। जबकि शेष समस्याओं का निपटान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया। कृषि मंत्री कंवरपाल ने अधिकारियों को व्यापक जनहित के कार्यों को अपने स्तर पर ही त्वरित कदम उठाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हरियाणा एक हरियाणवी एक की भावना और सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलते हुए कार्य कर रही है।

### अधिकारियों को दिए निर्देश

कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेशवासियों के सहयोग और परिश्रम के बल पर आज हरियाणा की गिनती देश के सर्वाधिक विकसित व अग्रणीय राज्यों में होती है। प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन और नई तकनीक के उपयोग से सुशासन प्रदान करने की दिशा में हुए उल्लेखनीय कार्य की देशभर में सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तीसरी बार प्रधानमंत्री के पद पर शपथ लेकर जनता का दिल जीता है। मौके पर जिले समेत प्रदेश भर के लोग अपनी समस्याएं लेकर खुले दरबार में पहुंचे। कृषि मंत्री कंवर पाल मौके पर ही लोगों की समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के दिशा निर्देश दिए।

## रंजिश के चलते युवक पर किया हमला, जान से मारने का प्रयास

■ पुलिस ने तीन आरोपी युवकों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जगाधरी में रंजिश के चलते कुछ युवकों ने दुर्गा गार्डन निवासी जहागीर उर्फ आरिफ पर लोहे की रॉड व डंडों से हमला कर जान से मारने का प्रयास किया। घायल युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपी युवकों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ जान से मारने का प्रयास करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दुर्गा गार्डन कॉलोनी निवासी जहागीर उर्फ आरिफ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले न्यू जैन नगर जगाधरी निवासी वरूण उर्फ वासु देव के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया। मगर उसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने गला। जहागीर ने बताया कि 12 जून को वह जगाधरी की प्रतापनगर कॉलोनी में किसी काम से जा रहा था। रास्ते में वरूण उर्फ वासु ने अपने साथियों जिला अंबाला के बांव बुडियो निवासी गौरव उर्फ नॉनी तथा दुर्गा गार्डन निवासी रितिक तथा अन्य के साथ मिलकर उसे रोक लिया।

## चौथे दिन भी हुआ समस्या समाधान शिविर का आयोजन

# समाधान शिविर में 41 शिकायतों की हुई सुनवाई

■ शिविर की अध्यक्षता एसडीएम जगाधरी सोनू राम व पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया ने की

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को चौथे दिन भी लघु सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। चौथे दिन शिविर में 41 शिकायतें पहुंची। जिनका संबंधित अधिकारियों ने मौके पर समाधान कर दिया। इस दौरान शिविर की अध्यक्षता एसडीएम जगाधरी सोनू राम व पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया ने की। एसडीएम सोनू राम ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार 9 बजे से 11 बजे तक जिला मुख्यालय और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में मुख्यतः जनता से सीधे रूप से जुड़े प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन रजिस्ट्रेशन, स्थानीय शहरी निकाय से संबंधित मकान का नक्शा तथा नो ड्यूज प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड और राशन वितरण, बिजली, पानी, सिंचाई आदि के अलावा क्राइम संबंधित समस्याएं सुनी गई और उनका मौके पर ही समाधान किया गया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को शिविर में करीब 41 शिकायतें आई।

### शिकायतों का समाधान करने के दिए निर्देश

इस दौरान पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने समाधान शिविर में आई पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का मौके पर संबन्धित थाना प्रभारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। मौके पर सीटीएम पीयूष गुप्ता, डीआरओ श्याम लाल, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, डीआईओ विनय गुलाटी, डीएमसी नगर निगम विजय पाल यादव व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## एमओयू के तहत विद्यार्थियों के चहूंमुखी विकास के लिए प्रयासरत रहेंगी शिक्षण संस्थाएं: चंचल रानी

■ ज्योतिबा फुले राजकीय कॉलेज रादौर ने जेएमआईटी कॉलेज के साथ एमओयू के तहत किया समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर




**यमुनानगर।** ज्योतिबा फुले राजकीय कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यक्रम में किए गए एमओयू के समझौता पत्र को दिखाते दोनों संस्थानों के प्रभारी। *फोटो: हरिभूमि*

ज्योतिबा फुले राजकीय कॉलेज रादौर में शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित कर जेएमआईटी संस्थान के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम में ज्योतिबा फुले कॉलेज की प्राचार्या चंचल रानी व जेएमआईटी कॉलेज के निदेशक डॉक्टर संजीव गर्ग ने भाग लिया। ज्योतिबा फुले कॉलेज की प्राचार्या चंचल रानी ने बताया कि एमओयू के अनुसार दोनों शिक्षण संस्थाएं एक दूसरे के विद्यार्थियों के चहूंमुखी विकास के लिए प्रयासरत रहेंगी। उन्होंने बताया कि एमओयू दोनों शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों के लिए सफलता के नए आयाम खोलेगा तथा दोनों संस्थाओं के शिक्षकों को अधिक कारगर एवं प्रोफेशनल बनाएगा। एमओयू से दोनों संस्थान एक दूसरे के संसाधनों का भी अच्छे तरीके से इस्तेमाल कर सकेंगे और विद्यार्थियों को रोजगार मुखी बनाने में परस्पर सहयोग करेंगे। इस अवसर पर दोनों संस्थान के स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

